# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 24 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO 9 :MIDDLE


# एसआरएमएस किंग्स ने आईएमए और आईडीए को हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसआरएमएस किंग्स ने पहले मैच में बनाए 170 व दूसरे में 201 रन

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से फ्रेंडशिप कप सीजन तीन का आयोजन रविवार को खेला गया। इसमें दोनों ही मुकाबले एसआरएमएस किंग्स ने अपने नाम किए।

पहला मुकाबला आईएमए बरेली बनाम एसआरएमएस किंग्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आईएमए बरेली की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाया। इसमें डॉ. अनिल गंगवार ने 56 गेंदों पर तीन चौकों व दो छक्कों के साथ 65 रन बनाए। डॉ. आरपी सिंह ने 40, डॉ. मनीष अग्रवाल ने 23, स्पर्श ने चार, डॉ. रजत ने तीन व डॉ. रजनीश ने एक रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस किंग्स की टीम के डॉ. आयुष गर्ग ने 12, डॉ. विश्वदीप ने 47, डॉ. महेश ने 17, आदित्य ने 22, डॉ. रेहान अली ने 27 व डॉ. अमित ने 17 रन के साथ 17.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाकर जीत दर्ज की।

दूसरे मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाया। इसमें डॉ. आयुष गर्ग ने 37, डॉ. विश्वादीप ने 11, डॉ. महेश ने 22, आदित्य मूर्ति ने 13, डॉ. रेहान ने 42, सुधांशु ने 11, डॉ. अमित ने 15, संजय सिंह ने 29, एमआर रविंद्र ने 1 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी आईडीए बरेली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 168 रन ही बना सकी। इसमें डॉ. सलिल ने 40, डॉ. पारस ने 43, डॉ. हर्ष विजय सिंह ने 25, डॉ. अमित के सक्सेना ने 13, डॉ. अनुज कुमार ने 13, डॉ. अतुल शर्मा ने आठ, रवि सक्सेना ने दो व डॉ. जितेंद्र कुमार ने 4 रन बनाए।